	भारत/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वृद्धि दर (%) 1981-1991 ग्रामीण	शहरी
1.	अ० नि० द्वीप समूह	47.88	51.02
2.	चंडीगढ़	130.06	36.18
3.	दादर व नगर हवेली	30.99	69.58
4	दमण व द्वीप	8.18	63.81
5.	दिल्ली	109.86	46.87
6.	लक्षद्वीप	4.50	56.28
7.	पांडिचेरी	0.82	63.58

@ असम में 1991 की जनगणना नहीं की जा सकी। 1981-1991 की वृद्धि दर 1981 की असम के अन्तर्वेशित जनसंख्या आंकड़ों पर निकाली गई है।

*जम्मू व कश्मीर में 1991 की जनगणना नहीं गई थी, 1981-1991 की वृद्धि दर राज्य की प्रक्षेपित जनसंख्या पर निकाली गई है।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

1028. **श्री राजू भाई ए० परमार:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में राज्य-वार विशेषकर गुजरात राज्य में ग्रामीण जनता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए कितने प्राथमिक केन्द्र कार्य कर रहे है,

(ख) राज्य में कितने गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने की संभावना है?

(ग) क्या देश में प्रत्येक राज्य में सम्पूर्ण ग्रामीण जनता सहित लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का विचार है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) देश में कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की राज्यवार संख्या को दर्शाने वाला विवरण नीचे दिया गया है (नीचे देखिए)।

(ख) योजना आयोग ने वर्ष 1995-96 के दौरान पांच नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का लक्ष्य तय किया है।

(ग) तथा (घ) जी, हां, वर्ष 1991 की जनसंख्या के अध्ययन पर देश में 22351 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्यकता है, मगर 31.12.95 को 21802 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कार्य कर रहे थे। इस अन्तर को 9वीं योजना में पूरा करने का प्रस्ताव है।

विवरण

ग्रामीण स्वास्थ्य प्रभाग।

31.12.95 को कार्यरत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या

	राज्य	
1.	आंध्र प्रदेश	1283
2.	अरुणाचल प्रदेश	42
3.	असम	619
4.	बिहार	2209
5.	गोआ	21
6.	गुजरात	958
7.	हरियाणा	397

8.	हिमाचल प्रदेश	245
9.	जम्मू और कश्मीर	335
10.	कर्नाटक	1428
11.	केरल	959
12.	मध्य प्रदेश	1376
13.	महाराष्ट्र	1695
14.	मणिपुर	72
15.	मेघालय	88
16.	मिजोरम	43
17.	नागालैंड	33
18.	उड़ीसा	1056
19.	पंजाब	472
20.	राजस्थान	1564
21	सिक्किम	23
22.	तमिलनाडु	1436
23.	त्रिपुरा	63
24.	उत्तर प्रदेश	3761
25.	पश्चिम बंगाल	1556
संघ क्षेत्र		
1.	अंडमान व निकोबार	17
2.	चंडीगढ़	0
3.	दादर व नगर हवेली	6
4.	दमन व द्वीव	4
5.	दिल्ली	8
6.	लक्षद्वीप	7
7.	पांडिचेरी	26
योग:		21802

Decline in Panenger Traffic carried by National Airlines

1029. MAULANA OBAIDULLAH KHAN AZMI: Will the Minister of *CIVIL* AVIATION be pleased to state:

(a) whether there is any decline in passenger traffic carried by national airlines during the last two years; viz-a-viz the private airlines; and

(b) if so, the steps Government propose to take to attract passengers to national airlines?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI C. M. IBRAHIM): (a) and (b) Total number of passengers carried by the two national carriers and private airlines for the last two years is given below:—

(in lakhs)

Year	Air India	Indian airlines	Private Airlines
1994-95	22.7	76.11	39.79
1995-96	28.0	77.37	50.24

सभी को टीका लगाना

1030. **श्री गोपाल सिंह जी॰ सोलंकी:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान, प्रतिवर्ष, गुजरात में तथा अन्य राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में "सभी को टीका लगाना" कार्यक्रम पर क्षेत्र-वार कितनी धनराशि खर्च की गई,

(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान यह पता लगाने के लिए कोई गहन सर्वेक्षण कराया गया है कि राज्य-वार/संघ-राज्य क्षेत्र-वार कितने व्यक्तियों को टीके लगाये गये हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) इस संबंध में क्या कदम उठाये गये हैं/उठाये जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी): (क) व्यापक टीका प्रतिरक्षण कार्यक्रम शिशु जीवन रक्षा तथा सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के भाग के रूप में कार्यान्वित किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को शिशु जीवन रक्षा तथा सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान की गई सहायता विवरण के रूप में संलग्न है (नीचे देखिए)।